**भारतीय जनता पार्टी**

**(केंद्रीय कार्यालय)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 अप्रैल 2026, बुधवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के दमदम, हाबरा और सप्तग्राम में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु**

***************

**मोदी जी को कांग्रेस अध्यक्ष आतंकवादी कहते हैं, खड़गे जी, मोदी जी को जितनी गाली दोगे, कमल उतना ही अधिक खिलेगा**

***************

**महिला आरक्षण का विरोध करने वाली ममता दीदी, आपको बंगाल से विदा करने के लिए महिलाएँ 29 तारीख की राह देख रही हैं**

***************

**4 मई को सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक ममता दीदी का टाटा-बाय-बाय हो जाएगा**

***************

**TMC के गुंडों, 29 तारीख़ को बाहर मत निकलना, नहीं तो बहुत तकलीफ में पड़ोगे**

***************

**ममता दीदी के कारण बंगाल से इंडस्ट्री चली गई, भाजपा के कारण बंगाल से सिंडिकेट के गुंडे चले जाएँगे**

***************

## ममता दीदी को घुसपैठिए चुनकर लाते हैं, भाजपा घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालेगी

***************

## घुसपैठिए महिलाओं का शोषण करते रहे, लेकिन ममता बनर्जी चुप रहीं, क्योंकि घुसपैठिया TMC का कार्यकर्ता था

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बुधवार को पश्चिम बंगाल के दम दम, हाबरा और सप्तग्राम में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और तृणमूल कांग्रेस की सरकार में पश्चिम बंगाल में व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा तथा घुसपैठ को लेकर ममता बनर्जी की जमकर आलोचना की और प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर लोकसभा सांसद श्री निशिकांत दुबे, दमदम उत्तर से प्रत्याशी श्री सौरभ सिकदर, खरदाहा से प्रत्याशी श्री कल्याण चक्रवर्ती, हाबरा से प्रत्याशी श्री देवदास मंडल, अशोकनगर से प्रत्याशी डॉ. सुमय हीरा, सप्तग्राम से भाजपा प्रत्याशी श्री स्वराज घोष सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि 29 तारीख को बंगाल के लोगों को वोट डालना है। सभी को पूरे बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए वोट डालना है और कोलकाता का खोया हुआ गौरव वापस दिलाने के लिए वोट करना है। मैं भारतीय जनता पार्टी की ओर से यह कहकर जा रहा हूं कि 4 मई को काउंटिंग है, सुबह 8:00 बजे बैलेट बॉक्स खुलना शुरू होगा, 9:00 बजे पहला राउंड होगा, 10:00 बजे दूसरा राउंड होगा और 1:00 बजे काउंटिंग समाप्त हो जाएगी तथा ममता बनर्जी की विदाई भी हो जाएगी। आज का दिन अत्यंत ऐतिहासिक है। इसी दिन 1930 में महान क्रांतिकारी सूर्य सेन ने अंग्रेज़ों के खिलाफ संघर्ष किया था और इसी दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आईसीएस की नौकरी छोड़कर अंग्रेज़ों का सामना करने का निर्णय लिया था। आज उसी दिन मैं हावड़ा आया हूं और ये वादा करता हूं कि केवल बंगाल

ही नहीं, बल्कि पूरे देश से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर भारतीय जनता पार्टी बाहर निकालेगी। घुसपैठिए बंगाल के युवाओं की नौकरियां ले रहे हैं, गरीबों का राशन हड़प रहे हैं और देश की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। यदि 4 तारीख को भाजपा की सरकार बनती है, तो 5 तारीख से घुसपैठियों का पलायन शुरू हो जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लंबे समय के बाद बंगाल में सुशासन की शुरुआत होने वाली है। कविगुरु, महर्षि अरविंद और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कल्पना के अनुरूप सोनार बंगला बनाने की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। ऐसा बंगाल बनाया जाएगा जहाँ माताओं-बहनों को कोई भय नहीं होगा। सालों तक संदेशखाली में बंगाल की माताओं-बहनों पर घुसपैठिया अत्याचार करता रहा, जबकि बंगाल की महिला मुख्यमंत्री चुप रहीं, क्योंकि वह घुसपैठिया टीएमसी का कार्यकर्ता था। आरजी कर, कोलकाता लॉ यूनिवर्सिटी और दुर्गापुर लॉ यूनिवर्सिटी की घटनाओं के बाद भी ममता बनर्जी के माथे पर जूं नहीं रेंगती और वे उल्टा कहती हैं कि 7:00 बजे के बाद महिलाओं को बाहर निकलने की जरूरत क्या है, इस पर उन्हें शर्म आनी चाहिए। हम बंगाल की सभी माताओं-बहनों से वादा करते हैं कि 5 मई के बाद एक छोटी बच्ची भी स्कूटी पर निकलेगी तो कोई गुंडा उसकी ओर आंख उठाकर नहीं देख पाएगा। भारतीय जनता पार्टी पूरे बंगाल की जनता को भय से मुक्त कराएगी। तृणमूल कांग्रेस के गुंडे कॉलोनी-कॉलोनी जाकर लोगों को 29 तारीख को बाहर न निकलने की धमकी देते हैं, लेकिन इस बार 29 तारीख को गुंडों को ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बंगाल के लोग 29 तारीख को मशीन पर कमल के निशान के सामने बटन दबाएं, 4 तारीख के बाद गुंडों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

श्री शाह ने कहा कि जब देश आजाद हुआ था, तब देश की सकल घरेलू आय में 100 रुपये में से 20 रुपये बंगाल से आते थे, जबकि आज यह घटकर सवा पाँच रुपये रह गया है। पूरे भारत में औद्योगिकीकरण की शुरुआत बंगाल से हुई थी, लेकिन अब एक-एक करके उद्योग

बंगाल छोड़कर बाहर जा रहे हैं और 7,000 उद्योग राज्य से जा चुके हैं। ममता बनर्जी के कट-मनी और सिंडिकेट से जुड़े लोग उद्योगों के पीछे पड़े हैं, जिसके कारण उद्योग पलायन कर रहे हैं। स्थिति यह है कि यदि किसी को घर बनाने के लिए ईंट, बालू या सीमेंट लेना हो, तो उसे सिंडिकेट को टैक्स देना पड़ता है। 4 तारीख के बाद सिंडिकेट से जुड़े लोग बंगाल छोड़कर पलायन कर जाएंगे। बंगाल से उद्योगों के जाने के लिए टीएमसी जिम्मेदार है, जबकि भाजपा के कारण सिंडिकेट से जुड़े गुंडे राज्य छोड़ेंगे। सबसे कठिन समस्या बेरोज़गारी की है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद चार बड़ी इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाई जाएंगी और जो उद्योग ममता की सिंडिकेट के कारण यहाँ से बाहर गए हैं, उन सभी उद्योगों को फिर से बंगाल में शुरू करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। संसद में माताओं-बहनों को 33% आरक्षण मिलना चाहिए, जो एक सकारात्मक कदम होगा। ममता बनर्जी ने कांग्रेस के साथ मिलकर इसका विरोध किया और महिलाओं को विधानसभा तथा लोकसभा में आने से रोका। बंगाल की मातृ शक्ति 29 तारीख का इंतजार कर रही है और ममता बनर्जी की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि धारा 370 हटनी चाहिए थी और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 75 वर्षों से कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा बनाए रखी गई धारा 370 को समाप्त किया और आतंकवाद पर गहरा आघात किया। टीएमसी और कांग्रेस की सरकार के समय आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उरी में हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की गई, पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक की गई और पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। जिस माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में कार्य किया, उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आतंकवादी कहा जा रहा है। राहुल गांधी के साथ रहने के कारण मल्लिकार्जुन खड़गे की भाषा भी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस और राहुल गांधी को जितनी भी

आलोचना करनी हो करें, इससे भाजपा को ही लाभ होगा। जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना अच्छा कमल खिलेगा। तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस डबल फिगर तक नहीं पहुंच पाएगी, बंगाल में उसका खाता खुलना भी मुश्किल है और असम में कांग्रेस को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। ममता बनर्जी कांग्रेस के साथ है और उनका हाल भी ऐसा ही होगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या में राम मंदिर बनाया। साढ़े पांच सौ वर्षों तक मुगलों, अंग्रेजों, कांग्रेस और टीएमसी के शासन में राम मंदिर नहीं बन सका, लेकिन जनता ने जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, तब उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया। ममता बनर्जी राम मंदिर के निर्माण का विरोध करती थीं और नाटक के लिए हुमायूं कबीर को आगे किया गया है, बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बंगाल की पवित्र भूमि पर बाबरी मस्जिद नहीं बननी चाहिए और कविगुरु तथा विवेकानंद जी की भूमि पर ऐसा नहीं होना चाहिए। बंगाल की जनता चिंता न करें, ममता बनर्जी चाहे जितना प्रयास कर लें, भारतीय जनता पार्टी बंगाल में बाबरी मस्जिद नहीं बनने देगी। यहाँ की नगरपालिका दिवालियापन के कगार पर है और उसकी लापरवाही के कारण कई गंदे पानी की झील बन गए हैं, मोती झील भी अशुद्ध हो गई है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 5 तारीख को भारतीय बंगाल में किसी को भी चार शादी करने की छूट नहीं होनी चाहिए। इसका समाधान है कि कमल के निशान पर बटन दबाया जाए, जिसके बाद बंगाल में यूसीसी लागू किया जाएगा, जिससे चार शादी समाप्त हो जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल की हर बहन-माता के अकाउंट में 3,000 रुपये प्रतिमाह भारतीय जनता पार्टी की सरकार जमा कराएगी। सरकारी कर्मचारियों को 7वां वेतन आयोग और डीए का भुगतान किया जाएगा, जबकि बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये बेरोजगारी

भत्ता उनके बैंक खातों में दिया जाएगा। बंगाल के युवाओं के लिए हर वर्ष 1 लाख नौकरियां पारदर्शिता के साथ दी जाएंगी और घर बैठे अपॉइंटमेंट लेटर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक सगर्भा माता को भारतीय जनता पार्टी की सरकार 21,000 रुपये देगी तथा माताओं-बहनों को बस में यात्रा के लिए टिकट लेने की आवश्यकता नहीं होगी, उन्हें मुफ्त सवारी की सुविधा दी जाएगी। कोलकाता मेट्रो का विस्तार तीन गुना किया जाएगा और दमदम, हावड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों तक मेट्रो को बढ़ाया जाएगा। हावड़ा के ट्रैफिक को कम करने के लिए हाई फ्रीक्वेंशी वाली मेट्रो सेवा शुरू की जाएगी और उत्तर 24 परगना के हर बूटलेगर को जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। कोलकाता शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। अब समय आ गया है कि माँ, माटी और मानुष का नारा देकर संत्रास की राजनीति करने वाली ममता बनर्जी को हटाया जाए। ममता बनर्जी ने बंगाल को गुंडों के भरोसे छोड़ दिया है और उनका एकमात्र लक्ष्य अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है। ममता बनर्जी लोगों को यह कहकर गुमराह कर रही हैं कि बंगाल का मुख्यमंत्री बाहरी होगा। बंगाल का मुख्यमंत्री वही होगा जो बंगाल में पैदा हुआ हो, बंगाली माध्यम में पढ़ा हो और बंगाली भाषा बोलता हो, लेकिन वह ममता बनर्जी का भतीजा नहीं, वह भाजपा का कार्यकर्ता होगा। श्री शाह ने लोगों से अपील की कि सभी कमल के निशान पर बटन दबाएं, ममता बनर्जी को सत्ता से हटाएं, बंगाल को घुसपैठ मुक्त बनाएं, सिंडिकेट और गुंडों का राज समाप्त करें और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथ मजबूत करें।

***************